# बच्चियों के साथ दुष्कर्म पर भड़के छात्र

नवभारत न्यूज




**ग्वालियर 10 जुलाई.** राजस्थान के श्रीगंगानगर और पश्चिम बंगाल के बारूईपुर में नाबालिग बच्चियों के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में अखिल भारतीय लोकतांत्रिक छात्र संगठन

**महिला संगठन ने किया प्रदर्शन,दोषियों को कठोर सजा की मांग**

एआईडीएसओ और अखिल भारतीय महिला सांस्कृतिक संगठन एआईएमएसएस ने संयुक्त रूप से केआरजी कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं को मानवता को शर्मसार करने वाला बताते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने समाज में बढ़ते अपराधों के लिए शराब, नशे और अश्लीलता को मुख्य कारण बताया। एआईडीएसओ की जिला कार्यकारिणी सदस्य आरती ने कहा कि सरकारें लगातार शराब और नशे की दुकानों को बढ़ावा दे रही हैं, जो अपराधों का मूल कारण है। उन्होंने कहा कि नशा और मोबाइल, टीवी व मीडिया के माध्यम से प्रसारित अश्लीलता आज की युवा पीढ़ी को गलत दिशा में ले जा रही है, जिस पर तुरंत प्रभावी रोक लगनी चाहिए।

मंडल सदस्य भावना लिखार ने इसे देश की कानून व्यवस्था की विफलता करार दिया। उन्होंने कहा कि आज समाज में बच्चियों के साथ ऐसी घटनाएं आम होती जा रही हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। भावना लिखार ने प्रशासन से मांग की कि दोषियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर पूर्ण विराम लग सके।

एआईएमएसएस की राज्य अध्यक्ष रचना अग्रवाल ने इस विषय पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान व बंगाल में बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं पूरे देश के लिए चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं का एक मुख्य कारण यह भी है कि समाज का बुद्धिजीवी तबका ऐसी वारदातों पर शांत बैठा रहता है। रचना अग्रवाल ने कहा कि अब समय की मांग है कि सभी लोग एकजुट होकर इसके खिलाफ आवाज उठाएं।साथ ही, उन्होंने आरोप लगाया कि देश भर में ऐसी घटनाओं को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है।

उन्होंने प्रशासन से स्पष्ट मांग की कि नशीले पदार्थों, शराब और अश्लील फिल्मों व गानों पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए ताकि समाज को सुरक्षित माहौल मिल सके।

### श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**ग्वालियर 10 जुलाई.** शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था जन उत्थान न्यास द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन नवंबर माह में कराया जा रहा है। श्रद्धेय श्री अनिरूद्ध आचार्य महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जायेगा। कथा 30 नवंबर से 7 दिसंबर तक फूलबाग मैदान पर होगी। कथा की तैयारियों को लेकर जन उत्थान न्यास द्वारा गठित मुख्य आयोजन समिति की बैठक 11 जुलाई को दोपहर 2 बजे होटल रमाया में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार करेंगे।

### एनएचएम ने संविदा कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा बढ़ाई

**ग्वालियर 10 जुलाई.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) मध्यप्रदेश ने संविदा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उनकी सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ा दिया है।

# ग्वालियर पूर्व विधानसभा की वार्ड स्तरीय बैठक 12 से

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 10 जुलाई.** विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में ग्वालियर पूर्व विधानसभा में वार्डों की बैठके 12 जुलाई से शुरू होकर 19 जुलाई तक होंगीं। बैठकों के बाद अगले माह 2 अगस्त को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। आगामी

**2 अगस्त को सोनागिरि दतिया में आयोजित होगा प्रशिक्षण शिविर**

कार्यक्रमों की जानकारी देते हुये विधायक डॉ. सिकरवार ने वार्ड स्तरीय बैठको की जानकारी देते हुये बताया कि 12 जुलाई को पहली बैठक वार्ड 60 की सायं 5 बजे पार्षद केदार बरहादिया के निवास पर आयोजित की गई है। इसी क्रम में 14 जुलाई को वार्ड 45 की बैठक सायं 5 बजे विधायक कार्यालय ललितपुर कॉलोनी, वार्ड 56 की बैठक सायं 6 बजे हॉल मार्क स्कूल नाकाचन्द्रवदनी, वार्ड 57 की बैठक सायं 7 बजे अम्बेडकर भवन नाकाचन्द्रवदनी में आयोजित की गई है। 15 जुलाई को वार्ड 18 की बैठक सुबह 11 बजे राज राजेश्वरी गार्डन आदित्यपुरम, वार्ड 21 की बैठक सायं 6 बजे नारायण विहार कॉलोनी में आयोजित की गई है। 16 जुलाई को वार्ड 20 की बैठक सुबह 11 बजे जीतू कुशवाह निवास अशोक कॉलोनी मुरार, वार्ड 19 की बैठक सायं 5 बजे नाना नगर भिण्ड रोड गोला का मंदिर, वार्ड 22 की बैठक सायं 7 बजे भाटिया डेयरी के सामने मधुवन कॉलोनी थाठीपुर में आयोजित की गई है। 17 जुलाई को वार्ड 25 की बैठक दोपहर 12 बजे नागदेवता मंदिर मुरार, वार्ड 23 की बैठक सायं 5 बजे शिवम वाटिका श्रीनगर कॉलोनी मुरार, वार्ड 24 की बैठक सायं 6 बजे डूडी बगिया सुरेश नगर थाठीपुर में आयोजित की गई है। 18 जुलाई को वार्ड 29 की बैठक सुबह 10 बजे महलगांव, वार्ड 26 की बैठक सायं 5 बजे एवं वार्ड 27 की बैठक सायं 6 बजे कांग्रेस कार्यालय बारादरी चौराहा मुरार, वार्ड 28 की बैठक सायं 8 बजे प्रजापति हनुमान मंदिर कुम्हरपुरा थाठीपुर में आयोजित की गई है। 19 जुलाई को वार्ड 58 की बैठक सुबह 10 बजे हिल व्यू अपार्टमेंट हरिशंकरपुरम, वार्ड 59 की बैठक दोपहर 12 बजे उषा कॉवेंट स्कूल नाकाचन्द्रवदनी, वार्ड 30 की बैठक दोपहर 2 बजे होटल वैलव्यू पटेल नगर सिटी सेन्टर में आयोजित की गई है। बैठक में वार्ड में निवासरत कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। सभी वार्डों की बैठकों के बाद अगले माह 2 अगस्त को सोनागिरि दतिया में 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण शिविर की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# तरेटिया बने कांग्रेस अ जा विभाग के विधानसभा सह-प्रभारी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 10 जुलाई.** कांग्रेस संगठन में निरंतर सक्रियता और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए अशोक तरेटिया को अनुसूचित जाति विभाग का विधानसभा सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलते ही उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस नियुक्ति पर स्थानीय पार्षद वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने उनका पुष्प हार पहनाकर भव्य स्वागत किया।

स्वागत समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि अशोक तरेटिया के कुशल मार्गदर्शन में न केवल संगठन धरातल पर और अधिक सशक्त होगा, बल्कि आगामी चुनावों में भी कांग्रेस पार्टी को इसका बड़ा लाभ मिलेगा।

तरेटिया की नियुक्ति को पार्टी की चुनावी तैयारियों और क्षेत्र में संगठन को धार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे, तरेटिया को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश राठौड़,सोनू सिंह राजावत,ब्रह्मा शुक्ला,विकास गौड़,प्रेम प्रकाश,मुकेश पाल, सहित कई नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर वार्ड 17 के पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र किरण वर्मा ने तरेटिया का स्वागत करते हुए कहा कि उनके अनुभव का लाभ पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को मिलेगा,

# जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 10 जुलाई.** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, व्यापक प्रचार-प्रसार तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंह घुरैया, जिला पंचायत के सदस्यगण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई), पशुपालन विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि अभियांत्रिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों की प्रगति एवं संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों की बिंदुवार जानकारी प्रस्तुत की गई।

बैठक में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से इनके व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया। साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत ने दुग्ध उत्पादन क्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से कृत्रिम गर्भाधान (एआई) का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए गुजरात मॉडल का उल्लेख करते हुए उसके प्रभावी क्रियान्वयन से प्रेरणा लेने पर भी जोर दिया।

बैठक के अंत में सभी विभागों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए विकास कार्यों में तेजी लाने, योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश प्रदान किए गए।

# बाजारों से हटाया अस्थाई अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 10 जुलाई.** नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं यातायात सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अभियान चलाकर अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया।

नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव सिंह चौहान ने बताया कि निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त (मदाखलत) श्री प्रदीप तोमर के निर्देषानुसार मदाखलत अधिकारी श्री रवि कुमार कोरी के निर्देशन में किलागेट रोड़, इंटेक मैदान रोड़, चार शहर का नाका रोड़, हजीरा चौराहा एवं बिरला नगर, लाइन नगर-03 ग्वालियर मे पार्क विभाग के सम्बन्धित कर्मचारी की मौजूदगी मे बताए गए पार्क पर लग रहे टेन्ट एव टेन्ट के रखे सामान को हट्वाने की हिदायत दी गई। इसके साथ ही अशोक शर्मा पेट्रोल पम्प के पास, हजीरा मीट मार्केट के पास, ग्वालियर, तानसेन नगर, पाताली हनुमान रोड ग्वालियर सहित आदि स्थानों पर सम्बन्धित राजस्व कर सन्ग्रहक श्री भारत गुर्जर, श्री मयंक श्रीवास्तव के द्वारा बताए गए स्थलो पर मौका-मुआयना कर अवैध बैनरो, होर्डिंगो आदि को हटवाने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान मदाखलत निरीक्षक श्री श्रीकांत सेन एवं मदाखलत अमला मौजूद रहा।

इसके साथ ही मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत झाँसी रोड़ थाने के सामने पारस विहार कॉलोनी में सरकारी जमीन पर लगी तार फैंसिंग को जेसीबी मशीन से हटावाया गया। कार्यवाही के दौरान सिटी प्लानर श्री सुरेश अहिरबार, सहायक सिटी प्लानर रकेश कश्यप, भवन अधिकारी श्री पवन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### गाय के साथ कुकृत्य करते रंगे हाथों पकड़ाया युवक

**ग्वालियर।** इंदरगंज थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है, जहाँ एक युवक को गाय के साथ कुकृत्य करते हुए रंगेहाथों पकड़ा गया। आरोपी मंगल नामदेव को स्थानीय निवासियों ने मौके पर ही दबोच लिया और उसकी जमकर पिटाई की। बाद में सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### घर पर अज्ञात बदमाशों ने की फायरिंग, बाल-बाल बचे परिजन

**ग्वालियर।** डबरा के दीदार कॉलोनी में बीती रात चार अज्ञात बदमाशों ने एक घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर सनसनी फैला दी। हमलावरों ने पहले घर पर पत्थर फेंके और फिर गोलियां चलाकर मौके से फरार हो गए। गनीमत रही कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के समय घर के अंदर मौजूद परिवार ने दीवार की ओट लेकर अपनी जान बचाई। सीसीटीवी फुटेज में चार युवक चेहरे पर कपड़ा बांधे दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर फुटेज के आधार पर उनकी पहचान करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# सिटी सेंटर में चलाया स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 10 जुलाई.** निगम ग्वालियर के जोन-11, वार्ड-30 के अंतर्गत आने वाली एयरटेल वाली गली (इनकम टैक्स वाली

**कॉर्पोरेट ऑफिस व बैंक के मैनेजर को कचरा न फैलाने की दी समझाइश**

गली) में आज सुबह एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्री प्रमोद धनेले ने सफाई मित्रों के साथ खड़े रहकर उनका हौसला बढ़ाया और वहां मौजूद सफाई मित्रों का सम्मान भी किया। अभियान के



दौरान वहां गार्डन के बाहर काफी कचरा पड़ा हुआ था, जिसकी पूरी तरह सफाई की गई, जिससे अब वहां बहुत अच्छा हो गया है।

इस अभियान में एसबीएम कंसलटेंट श्री अमित कुमार सिंह और एएचओ श्री कमल खरे ने ब्रांड एंबेसडर श्री प्रमोद धनेले के साथ मिलकर वहां स्थित इंडियन बैंक के मैनेजर को मौके पर बुलाया और उन्हें स्वच्छता को लेकर समझाया। इसके बाद इंडियन बैंक के मैनेजर ने यह प्रण लिया कि वे अपना कचरा बाहर बिल्कुल नहीं फेंकेंगे।

इसके साथ ही अधिकारियों और ब्रांड एंबेसडर ने मिलकर सिटी सेंटर पर स्थित जितने भी कॉर्पोरेट ऑफिस हैं, उन सभी के लोगों को भी वहां बुलाकर अच्छे से समझाया, जागरूक किया और यह मैसेज दिया कि कोई भी संस्थान बाहर कचरा न फैलाए। वहीं पास के एक चाय वाले ने भी आगे बढ़कर सभी सफाई मित्रों का सम्मान किया और यह प्रण भी लिया कि वह अपनी दुकान का कचरा बाहर नहीं फेंकेगा।

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित, सौ से अधिक लोगों ने लिया लाभ



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 10 जुलाई।** विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल ने अपने

**विहिप-बजरंग दल के सेवा सप्ताह में हुआ आयोजन**

वार्षिक सेवा सप्ताह' के अंतर्गत जिले के दीनदयाल क्षेत्र स्थित पिंटू पार्क,जेंडरुआ,जाटव मोहल्ला सेवा बस्ती में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में डॉ. जय सिंह राठौर,डॉ.अर्पित शर्मा एवं डॉ.हरि भदौरिया ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए क्षेत्र के 100 से अधिक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय संयोजक विश्ववर्धन भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा ही विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का मूल संस्कार है,सेवा सप्ताह के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य, सहयोग और संवेदनशीलता पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है,ऐसे क्षेत्रों में जहाँ स्वास्थ्य सुविधाएँ आसानी से उपलब्ध नहीं हो पातीं,वहाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं,उन्होंने कहा कि संगठन भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्य निरंतर करता रहेगा।

**इन बीमारियों का हुआ प्रशिक्षण :** शिविर में शुगर परीक्षण, रक्तचाप (बी.पी.) परीक्षण,रक्त परीक्षण,दंत रोग परीक्षण,सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण सहित विभिन्न चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई गईं,डॉक्टरों की पर्ची के आधार पर जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया।

**यह रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में बजरंग दल के क्षेत्रीय संयोजक विश्ववर्धन भट्ट, हरि सेंगर, भारत पाठक, पप्पू राठौर एवं लोकेश कुशवाह उपस्थित रहे। शिविर का लाभ लेने वालों में प्रमुख रूप से सोनू जाख,मन्नू, दीप राजोरिया, शिव गोयत, जया सिंह, मनू कुशवाह, सोनू जाटव, प्रदीप राजोरिया, गंधर्व,उमा सिंह, कमलेश, विमलेश, जग्गो देवी, कमल सिंह, फूलभान सिंह, सूरज जाटव, हरेंद्र कोरी, मोनू चाचड़, श्रीराम गोयल, मयंक वघेल, हरिओम यादव, जय यादव, सौरभ कोख, लोकेन्द्र डंगस, बैजन्ती बाई, वकलेश देवी, मोनी देवी सहित क्षेत्र के अनेक महिला पुरुष एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे और नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण का लाभ प्राप्त किया।

### मेट्रो न्यूरो स्पाइन हॉस्पिटल में 6 माह में 100 सफल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी

**ग्वालियर।** मेट्रो न्यूरो स्पाइन हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज दुबे ने जानकारी दी कि अस्पताल के Department of Orthopaedics and Joint Replacement Surgery में पिछले छह महीनों के दौरान 100 सफल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी संपन्न की गई हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीक से रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। पात्र मरीजों के लिए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी पूर्णत: नि:शुल्क की जा रही है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीज भी उच्च गुणवत्ता का उपचार प्राप्त कर सकें। श्री अनुज दुबे ने बताया कि मेट्रो न्यूरो स्पाइन हॉस्पिटल का उद्देश्य ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के मरीजों को महानगरों जैसी उन्नत ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सेवाएँ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 10 जुलाई।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफपीएआई) द्वारा यूथ ग्रुप के साथ जनसंख्या, स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की जनरल मैनेजर नीलम दीक्षित के मार्गदर्शन में हुआ!



कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी अछेंद्र सिंह कुशवाहा द्वारा सभी युवाओं को विश्व जनसंख्या दिवस की थीम पर चर्चा करते हुए परिवार नियोजन में युवाओं की क्या भूमिका है इस विस्तार से जानकारी दी!

साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों को बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों, परिवार नियोजन के महत्व, किशोर स्वास्थ्य, लैंगिक समानता तथा जिम्मेदार नागरिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रश्नोत्तर एवं संवादात्मक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए जनसंख्या संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ, शिक्षित एवं सशक्त समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपने परिवार एवं समाज में जनसंख्या, स्वास्थ्य और परिवार नियोजन से जुड़े संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में कोर्डिनेटर परगया श्रीवास्तव ने सभी को कार्यक्रम के उदेस्यो पर जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में एफपीएआई कोर्डिनेटर प्रज्ञा श्रीवास्तव तथा एस आर एफ फाउंडेशन से अनुप यादव , पवन राजपूत सिद्धार्थ श्रीवास्तव एवं सुनील बंसल आदेश शशर्मा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में कुल 140 युवाओं ने हिस्सा लिया।

# वैश्विक विजेता घोषित होने पर मोदी एवं सिंधिया को सत्येन्द्र ने बधाई दी

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर महानगर के उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा ने भारत को वैश्विक विजेता घोषित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। संचार मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले दूरसंचार विभाग की प्रमुख परियोजना 'समृद्ध ग्राम: भारत नेट द्वारा समर्थित एकीकृत भौतिक सेवा वितरण मॉडल' को प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड समिट ऑन द इन्फार्मेशन सोसाइटी' (डब्ल्यूएसआईएस )2026 अंतर्राष्ट्रीय दूरसचार संघ द्वारा समर्थित: एक्शन लाइन सी - 6 के तहत वैश्विक विजेता घोषित किया जाकर पुरस्कृत किया गया है।



भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा ने कहा है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जिस भी विभाग के दायित्व को संभालते है उस विभाग को सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचाते हैं। सिंधिया के वर्तमान में संचार मंत्री के कार्यकाल के दौरान विभाग को पिछले दो वर्षों से ऐतिहासिक विस्तार दर्ज कर रहा है, देशव्यापी 5 जी सेवाओं और डिजिटल क्रांति की शुरुआत हुई, भारत में इंटरनेट कनेक्शनों का आंकड़ा 1 अरब को पार कर गया है, जिसमें ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ताओं की संख्या में अभूतपूर्व उछाल आया है, मोबाइल ग्राहकों की कुल संख्या 1.26 अरब से अधिक हो चुकी है, जिसमें लगातार वार्षिक वृद्धि दर्ज की जा रही है। टेलीकॉम टावरों की संख्या 31.9 लाख के पार पहुंच गई है, जो पिछले दशक की तुलना में लगभग पांच गुना ऐतिहासिक वृद्धि है। स्वदेशी निर्माण और 'मेक इन इंडिया' के चलते दूरसंचार उपकरणों का निर्यात 72 प्रतिशत बढ़कर 18,406 करोड़ रुपये हो गया है यह नेतृत्व की कार्य कुशलता का परिणाम हे।ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्तमान में पूर्वोत्तर विकास मंत्री के रूप में पूर्वोत्तर का विकास का रोड़मैप तैयार कर यह विभाग नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा हे, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय पूर्वोत्तर राज्यों (अष्टलक्ष्मी) परियोजना महत्वपूर्ण हे, पूर्वोत्तर की ग्रोथ में दो सो प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई हे।

**रक्तदान शिविर आज**

# जुटेंगे रक्तदाता, जरूरतमंदों को नि :शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा रक्त

**ईरा सेवा समिति,रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग सेईरा वर्ल्ड स्कूल महाराजपुरा परिसर में कर रही है आयोजन**




नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 10 जुलाई।** शिक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संस्था ईरा वर्ल्ड स्कूल एवं ईरा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार, 11 जुलाई को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रेडक्रॉस सोसायटी के विशेष सहयोग से आयोजित होने वाला यह शिविर महाराजपुरा स्थित एयरपोर्ट रोड पर बने विद्यालय परिसर में संपन्न होगा। प्राचार्या कु. रूपाली त्रिपाठी ने बताया कि संस्था वर्ष 2006 से ही क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी हमेशा अग्रसर रही है, और इसी तारतम्य में इस मानवीय पहल की शुरुआत की गई है।

आयोजकों के अनुसार, इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों को स्वार्थी जीवन छोड़कर दूसरों की निस्वार्थ सहायता करने के लिए प्रेरित करना है। इसके साथ ही, आमजन को रक्तदान से होने वाली अच्छाइयों और फायदों से अवगत कराना भी इस कार्यक्रम का एक प्रमुख लक्ष्य है। संस्था का मानना है कि 'रक्तदान महादान' है और इस पावन संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना आवश्यक है ताकि पैसों के अभाव में कोई भी गरीब या जरूरतमंद व्यक्ति रक्त के इंतजाम के लिए न भटके। इस शिविर के माध्यम से एकत्रित किया गया रक्त ऐसे ही अभावग्रस्त परिवारों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

**भारी संख्या में उपस्थित होने की अपील**

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए संस्था के डायरेक्टर उदयवीर सिंह और प्राचार्या कु. रूपाली त्रिपाठी के नेतृत्व में विशेष तैयारियाँ की गई हैं। डायरेक्टर उदयवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवा भारती के राष्ट्रीय सचिव व मध्य प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के महासचिव रामेन्द्र सिंह घुरैया उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष जय प्रकाश राजौरिया शिरकत करेंगे। संस्था ने ग्वालियर के नागरिकों और युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस महादान का हिस्सा बनें।